बड़ा सुख मिलता है मैया जी

बड़ा सुख मिलता है मैया जी,
दरबार तुम्हारे आने से,
सब कुछ पाया मैया रानी दीदार तुम्हारे आने से,
बने सारे काम मिले मन को आराम तेरे चरणों में शीश झुकाने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी....

खोल दे भंडारे मियां सुन के जयकारे सुख झोली में हमारे सारे ढ़ाल दे,
तू है लाजवाब कर पुरे सब खवाब हल सारे ही सवालों के निकाल दे,
थाम ले तू हाथ सुन दिल की बात विश्वाश की ज्योत जगाने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी.....

तेरा है कमाल करे मौज तेरे लाल तेरे होते है फ़िक्र किस बात की,
रखे तू ख्याल लेती दुखो से निकाल मैया मेहरो वाली सदा बरसात की,
जागे है नसीब बंदा रहा ना गरीब कुछ माँगा नहीं ज़माने से,
बड़ा सुख मिलता है मैया जी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7615/title/bada-sukh-milta-hai-maiya-ji-darbar-tumhare-aane-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |